an>

Title: Need to provide gas stoves and regulators at cheaper rates to all schools in the country where mid-day meal scheme is being implemented.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे शून्य काल में एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने की अनुमति दी है। मैं मिड-डे मील में भोजन तैयार करने के विषय पर बोलना चाहता हूँ। यह स्कीम भारत सरकार की है और उनका इंप्लिमेंटेशन राज्य सरकार करती है। स्कूलों में जो फूड प्रिपेयर किया जाता है, वह लकड़ियां जला कर बनाया जाता है। उसकी वजह से पॉल्युशन होता है और पेड़ों को काटने का काम होता है। मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार को सुझाव है कि एलपीजी सिलेंडर मिड-डे मील के लिए देना चाहिए। चूल्हे और सिलेंडर की जो डिपॉजिट है, वह सब भारत सरकार को देना चाहिए और भारत सरकार को ऑयल कंपनियों को निर्देशित करना चाहिए कि उसमें से उसको एग्जंप्शन दिया जाए। सभी जगह स्कूलों में भोजन बनाने की प्रक्रिया के लिए नःशुल्क सिलेंडर दिये जाने चाहिए। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री अर्जुन राम मेघवाल,

श्री देवजी एम. पटेल और

श्री नाना पटोले अपने आपको डॉ. किरिट पी. सोलंकी जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।